निरीक्षण
जूनियर छात्रावास मुड़िया-मड़ोद में अचानक पहुंचे एसडीएम सिहोरा-मझौली

छात्रावास से 14 छात्र और रिकार्ड गायब, नदारद अधीक्षक भागते हुए आए

मझौली नवभारत 13 अगस्त। शासकीय जूनियर छात्रावास मुड़िया मडौद में छात्रों आवास एवं भोजन की व्यवस्था तो देखी गई लेकिन उनकी उपस्थिति का कोई रिकार्ड नहीं है। यहां औचक निरीक्षण के दौरान 14 छात्र गायब मिले और छात्रावास पंप संचालक के जिम्मे संचालित होता पाया गया। इसे गंभीरता से लेते हुए एसडीएम सिहोरा-मझौली ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

आज यहां प्रशासनिक निरीक्षण में उक्त छात्रावास में पसरी अव्यवस्था और घोर लापरवाही की पोल खुल गई। छात्रावास से 14 छात्र के साथ अधीक्षक भी मिले नदारद थे। 30 बिस्तरों के छात्रावास में नामांकित 22 में से केवल 8 छात्र मौके पर मिले। अनुपस्थिति का कोई रिकॉर्ड नहीं था। एसडीएम सिहोरा के साथ यहां पहुंची टीम से बात करने के लिए पंप संचालक उपस्थित था। हास्टल अधीक्षक का कोई अता-पता नहीं था। निरीक्षण करने के साथ प्रशासनिक अमले ने यथास्थिति का पंचनामा भी बनाया। राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह शासकीय जूनियर बालक छात्रावास, मुड़िया मड़ोद में जब प्रशासनिक अमला पहुंचा, तो वहां की बदइंतजामी और गैर-जिम्मेदारी को देखकर अधिकारी भी हैरान रह गए।

औचक निरीक्षण में केवल 8 छात्र मिले

हास्टल में लापता छात्रों का कोई अता-पता नहीं था। गायब मिले 14 छात्रों के संबंध में छात्रावास प्रबंधन के पास न तो कोई लिखित आवेदन पत्र उपलब्ध था और न ही कोई संतोषजनक जवाब।

छात्रावास छोड़कर घर पर रहते हैं अधीक्षक

प्रशासनिक जांच के दौरान प्रभारी छात्रावास अधीक्षक मूल पदस्थापना मझौली शासकीय अनुसूचित जाति नवीन बालक छात्रावास खुद अपने कर्तव्य स्थल से नदारद मिले। जांच टीम द्वारा पूछताछ किए जाने पर छात्रावास के पंप कर्मी संतोष कुमार कुशवाहा ने बताया कि अधीक्षक रात या दिन में छात्रावास में रुकने के बजाय मझौली स्थित अपने निजी निवास पर रहते हैं। जब प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर ही पंचनामा तैयार करना शुरू किया, तब अधीक्षक आनन-फानन में हड़बड़ाते हुए उपस्थित हुए।

भोजन, पेयजल और स्वास्थ्य व्यवस्थाएं मिलीं दुरुस्त

लापरवाही के इस गंभीर माहौल के बीच निरीक्षण में कुछ बुनियादी सुविधाएं संतोषजनक पाई गईं। उपस्थित छात्रों ने अधिकारियों को बताया कि उन्हें निर्धारित मीनू के अनुसार सही और गुणवत्तापूर्ण भोजन दिया जा रहा है। पेयजल व ढांचा: पीने के पानी के लिए स्थापित वॉटर प्यूरीफायर चालू हालत में मिला तथा भवन का भौतिक ढांचा भी सही पाया गया। स्वास्थ्य जांच: छात्रों के नियमित मासिक स्वास्थ्य परीक्षण किए जाने की भी पुष्टि हुई।

मौके पर पंचनामा बनाया

एसडीएम सिहोरा आदर्श जैन संभाल रहे थे। टीम में तहसीलदार, नायब तहसीलदार विश्वास भंडारी सहित पटवारी तेज सिंह, रोहित खरे और विशाल धुर्वे प्रमुख रूप से मौजूद रहे। अधिकारियों ने मौके पर ही पूरी स्थिति का विस्तृत पंचनामा तैयार कर लिया है। इसमें हास्टल के निरीक्षण के समय यथास्थिति को दर्ज करवाया गया और अधिकारियों की उपस्थिति इसे रिकार्ड में लिया गया।

खाद और बिजली को लेकर किसान संघ ने उठाई मांग

मझौली में भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

मझौली नवभारत 13 अगस्त। भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत द्वारा तहसील क्षेत्र मझौली के किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा-मझौली को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से संघ ने खाद और बिजली आपूर्ति को सुधारने सहित अनेक मांगें की हैं। इसमें कहा गया है कि डीएपी और यूरिया खाद का वितरण पूर्व की भांति ई-टोकन प्रणाली से चालू किया जाए और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए। जमीन के रकबे के आधार पर खाद का वितरण हो।

किसानों को चारों सीजन की अनेक फसलों के लिए चार बार खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिन किसानों की फार्मर आईडी नहीं बनी है, उन्हें ऑफलाइन माध्यम से खाद दी जाए। सियाराम वेयरहाउस (नंदग्राम), जय भवानी वेयरहाउस (खबरा), मां रेवा वेयरहाउस (धनाडी), श्री जी वेयरहाउस (पिपरिया) और अन्नपूर्णा वेयरहाउस (पिपरिया) में बेची गई मूंग, धान और गेहूं की उपज का किसानों को अविलंब भुगतान किया जाए।

ग्राम केथरा के किसान रोहित पटेल समिति कुसनेर, बडखेरा वेयरहाउस) का पिछले 4 माह से रुका हुआ गेहूं उपार्जन का भुगतान तत्काल कराया जाए। मझौली तहसील की सभी माइनर नहरों में अंतिम छोर तक पानी पहुंचाया जाए। क्षेत्र के सभी ओवरलोड और जले हुए ट्रांसफार्मरों को तुरंत बदला जाए। नामांतरण, फौती, बंटवारा, नक्शा बटांक और रिकॉर्ड सुधार जैसे राजस्व प्रकरणों में हो रही देरी को समाप्त किया जाए और लंबित मामलों का समय सीमा के भीतर निराकरण किया जाए। ज्ञापन सौंपते समय भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पटेल, प्रांतीय पदाधिकारी वीरना पटेल, सह-मंत्री रंजीत पटेल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे।

सिहोरा उपज मंडी से मुंह मोड़ रहे किसान

मुद्दत कटौती और इलेक्ट्रानिक कांटे में हेराफेरी के आरोप

दाम और तौल के दावे झूठे साबित

सिहोरा नवभारत 13 अगस्त। कृषि उपज मंडी सिहोरा में हेराफेरी के शिकार किसानों का मोहभंग होता नजर आ रहा है। किसान अपनी उपज सिहोरा मंडी में बेचने के बजाय जबलपुर कृषि उपज मंडी जाने लगे हैं। किसानों का आरोप है कि सिहोरा मंडी में चोरी, मुद्दत कटौती और इलेक्ट्रिक कांटों में हेरफेर जैसी समस्याओं के कारण उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है।

किसानों का कहना है कि जबलपुर मंडी में उनकी उपज के बेहतर दाम मिलते हैं। साथ ही वहां मुद्दत नहीं काटी जाती और अनावश्यक परेशानियों का सामना भी नहीं करना पड़ता। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि सिहोरा मंडी में गेट पर्ची के अलावा हम्माल और तौलावटी के नाम पर भी अलग से पैसे मांगे जाते हैं। उन्हें यहां तक अपनी उपज लाने के लिए कई तरह के खर्चे पहले ही उठाना पड़ते हैं और सही दाम नहीं मिलने से उन्हें दूसरी मंडी का रूख करना पड़ रहा है। यहां अव्यवस्थाएं कई तरह की है और अधिकारी किसानों की शिकायतें नहीं सुन रहे हैं। इन वजहों से किसान लगातार सिहोरा मंडी में उपज बेचने से कतरा रहे हैं। इस बारे में पहले भी अनेक बार सिहोरा मंडी में अनियमितताएं देखी गई हैं। किसानों ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की लेकिन मंडी की व्यवस्था में कोई सुधार देखने को नहीं मिला।

उपज लेकर जबलपुर गए - गुरुवार को पोंडी खुर्द की संगीता पटेल 35 क्विंटल चना, सिलोड़ी के सुधीर दुबे 47 क्विंटल मूंग, मुरवारी के कालीचरण राय 30 क्विंटल मूंग, निवास के सप्पू नायक 35 क्विंटल मूंग और सत्यम नायक 35 क्विंटल चना लेकर जबलपुर मंडी गए। इन किसानों ने कहा कि कड़ी मेहनत के बाद वे अनाज की पैदावार करते हैं। कृषि में लागत बढ़ती जा रही है और उन्हें मंडी में पूरे दाम और सही तौल नहीं मिलती है तो कलेजा फट जाता है।

मवेशी खोजने गये ग्रामीण पर बाघ का हमला

चिल्हारी नवभारत 13 अगस्त। जिले के बांधवगढ टाईगर रिजर्व अंतर्गत पनपथा कोर परिक्षेत्र के बीट बघड़ो में बाघ द्वारा एक युवक पर हमला करने का मामला प्रकाश मे आया है। बताया गया कि रामनरेश सिंह निवासी ग्राम बघड़ो बुधवार को मवेशी ढूंढने जंगल की ओर गया था। इसी दौरान मादा बाघ ने अचानक उस पर हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही विभागीय अमले द्वारा रामनरेश को शासकीय अस्पताल मानपुर मे भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार कराया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक घायल की स्थिति सामान्य बताई जा रही हैं।

मझौली तहसील कार्यालय में बाबू करते हैं स्कूटी चार्ज

सरकारी कार्यालय को बना डाला चार्जिंग प्वाइंट

मझौली नवभारत 13 अगस्त। शासकीय कार्यालयों में सरकारी संसाधनों की बचत और राजस्व वृद्धि के दावों की किस तरह धज्जियां उड़ाई जाती हैं,इसका नजारा आज यहां तहसील कार्यालय में देखने को मिला। यहां के बाबू सरकारी बिजली से अपनी स्कूटी चार्ज करते देखे गए और लोगों ने इसे मामूली बात कहा।

मझौली तहसीलदार कोर्ट में पदस्थ बाबू सिद्धार्थ राय पर सरकारी बिजली का धड़ल्ले से निजी इस्तेमाल करने का गंभीर आरोप लगा है। बाबू साहब कार्यालय के बिजली कनेक्शन का उपयोग अपनी निजी ई-स्कूटी चार्ज करने के लिए कर रहे हैं। वे रोजाना अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी से दफ्तर आते हैं और आते ही कार्यालय के अंदर मौजूद पावर सॉकेट में गाड़ी का चार्जर लगा देते हैं। पूरे दफ्तर के समय उनकी गाड़ी सरकारी बिजली पर चार्ज होती रहती है।

जनता परेशान, राजस्व को चपत

एक तरफ जहाँ शासन स्तर से बिजली की बचत और शासकीय व्यय कम करने के सख्त निर्देश दिए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार कर्मचारी ही खुलेआम सरकारी खजाने को चपत लगा रहे हैं। तहसील कार्यालय में आम नागरिकों के छोटे-छोटे कामों के लिए कई दिनों तक चक्कर कटवाए जाते हैं। दफ्तर में कागजों और फाइलों की पेंडेंसी बढ़ती जा रही है, लेकिन कर्मचारियों का ध्यान इस बात पर ज्यादा रहता है कि अपने निजी उपकरणों और गाड़ियों को सरकारी खर्च पर कैसे सहूलियत दी जाए।'

अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग

मझौली क्षेत्र के जागरूक नागरिकों एवं तहसील आने वाले पीड़ितों ने अनुविभागीय अधिकारी एवं जिला कलेक्टर से मांग की है कि सरकारी संसाधनों के इस तरह के दुरुपयोग पर तुरंत पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। साथ ही संबंधित कर्मचारी से अब तक उपयोग की गई बिजली का अनुमानित शुल्क वसूल कर मिसाल कायम करने वाली कार्रवाई की जाए।

विद्यालय की 3 प्रयोगशालाओं के निर्माण पर सवाल

ग्रामीणों ने लगाया घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप

चिल्हारी नवभारत 13 अगस्त। उमरिया जिले के मानपुर विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिल्हारी में विद्यार्थियों के लिए बनाई जा रही तीन प्रयोगशालाओं के निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

निर्माण कार्य में कथित तौर पर निर्धारित मापदंडों के विपरीत सामग्री के इस्तेमाल के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों ने निर्माण में घटिया गुणवत्ता की लाल ईंट, लोहा और सीमेंट के उपयोग का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की तकनीकी जांच की मांग की है।

भवन की मजबूती पर पड़ सकता है असर

ग्रामीणों का कहना है कि लाखों रुपये की लागत से विद्यार्थियों के लिए तैयार की जा रही इन प्रयोगशालाओं के निर्माण में यदि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता से समझौता किया गया, तो भविष्य में भवन की मजबूती पर असर पड़ सकता है। ऐसे में निर्माण कार्य की शुरुआत से ही गुणवत्ता की निगरानी और तकनीकी जांच बेहद जरूरी है।

ईंटों की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल

ग्रामीणों के अनुसार निर्माण स्थल पर इस्तेमाल की जा रही ईंटों की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल हैं। इसके अलावा निर्माण में लगाए जा रहे लोहे और सीमेंट की गुणवत्ता की भी जांच किए जाने की मांग की गई है।

निरीक्षण में पायी गईं खामियां

यदि निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी पाई गई है, तो यह भी जांच का विषय है कि निर्माण कार्य शुरू होने से लेकर वर्तमान स्थिति तक संबंधित अधिकारियों द्वारा कितनी बार स्थल का निरीक्षण किया गया।

ग्रामीणों ने की तकनीकी जांच की मांग

निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मौके पर पहुंचकर पूरे निर्माण की तकनीकी जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री के नमूने लेकर उनकी गुणवत्ता की जांच कराई जानी चाहिए।

मुगवानी बस स्टैंड में शराबियों का आतंक

चिल्हारी, उमरिया। जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम मुगवानी बस स्टैंड में शराबियों का आतंक इन दिनों अपनी चरम सीमा पर है, जबकि बस स्टैंड से पुलिस का आना जाना चौबिस घन्टें बना रहता है फिर भी शराब पैकारी करने वालों पर और न ही शराब बेचने वाले पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। गांव के रिटायर्ड डॉ. रामानुज चतुर्वेदी ने नवभारत को बताया कि इन दिनों बस स्टैंड मुगवानी में शराबियों के आतंक के कारण महिलाओं बच्चियों एवं नागरिकों को बस स्टैंड से आने जाने में भारी दिक्कत हो रही है शराबियों द्वारा आए दिन बह स्टेंड में लोगों से लड़ाई झगड़ा किया जाता है। वहीं जिले का आबकारी विभाग ठेकेदार एवं उनके गुर्गों से मिलकर इन्दबार दुकान से इन्दबार क्षेत्र के पडखुरी नदावन मुगवानी अषोढ भरेवा खलौध मझोखर पोडिया नदावन आदि सभी ग्रामों में अवैध शराब की पैकारी कराते हुए मनमानी रेट में शराब की बिक्री कराया जा रहा है।

हैकाथॉन व कोडिंग में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

आदर्श महाविद्यालय में कैरियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित

शहपुरा नवभारत 13 अगस्त। शासकीय आदर्श महाविद्यालय शहपुरा में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं महाविद्यालय के समस्त संकायों के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया।

उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को तकनीक, नवाचार, कैरियर, स्टार्टअप और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य पी.एस. बरकड़े के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम संयोजक डॉ. नरेन्द्र सिंह ठाकुर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए युवा दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

व्याख्यान एवं पैनल चर्चा आयोजित की गई-प्रथम सत्र में 'प्रौद्योगिकी, अनुसंधान और नवाचार' विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान एवं पैनल चर्चा आयोजित की गई। इसके बाद कैरियर परामर्श सत्र में विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई। तीसरे सत्र में 'सतत विकास के साथ टेक्नोलॉजी, स्टार्टअप्स और इंटरप्रेन्योरशिप' विषय पर मार्गदर्शन दिया गया। महाविद्यालय में प्रौद्योगिकी संबंधी पुस्तकों का मेला एवं प्रदर्शनी भी लगाई गई।

इनका रहा विशेष सहयोग-कार्यक्रम को सफल बनाने में सह-संयोजक डॉ. एके राय सहित डॉ. प्रीति नेगी, डॉ. सुषमा मिश्रा, डॉ. ज्योति त्रिपाठी, डॉ. बसंती चौहान, डॉ. कल्पना सागर, डॉ. राजू रैदास, डॉ. प्रतिभा उरमलिया, डॉ. परमेश कुमार साकेत एवं विशाल राजपूत का सहयोग रहा। इस दौरान भगवत सिंह धुर्वे, डॉ. एलएन साहू, डॉ. राजेश तिवारी, डॉ. सीएल रैदास, डॉ. रश्मि चक्रवर्ती, डॉ. दीपक अग्रवाल, डॉ. सुरेन्द्र नागले, डॉ. अनिल कुमार झारिया आदि उपस्थित रहे।

नवांकुर सखी हरियाली एवं तिरंगा यात्रा निकली

पनागर में रैली और संगोष्ठी आयोजित

महिलाओं को पौधे व बीज वितरित

पनागर नवभारत 13 अगस्त। नवांकुर संस्था सुनहरा कल वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में आज पनागर में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा एवं हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। रैली नगर भ्रमण के बाद परियट नदी तट पर पहुंची जहां नवांकुर सखियों को पौधे और बीज वितरित किए गए।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में विकासखण्ड पनागर में नवांकुर संस्था सुनहरा कल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा हरियाली एवं तिरंगा यात्रा निकाली गई। रैली में घनश्याम रायपुरिया जिला समन्वयक जबलपुर, भारत महरोलिया विकास खण्ड समन्वयक, धर्मेंद्र पटेल नवांकुर संस्था की उपस्थिति रही। रैली स्थानीय शिव मंदिर से प्रारंभ हुई और परियट नदी तट पर पहुंची। इसके पश्चात ग्राम महगवां परियट के ग्राम पंचायत भवन में संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यहां उपस्थित महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण, पौधों की नियमित देखभाल तथा अधिक से अधिक लोगों को पौधरोपण के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। विकासखण्ड समन्वयक पनागर भारत महरोलिया ने कार्यक्रम की प्रस्तावना बताते हुये उपस्थित नवांकुर सखियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने पौधों की देखभाल करने तथा प्रकृति को सुरक्षित रखने के विषय मे जानकारी दी गई है। हर घर तिरंगा अभियान को लेकर हाथों में मेंहदी लगाकर पर्यावरण संरक्षण व देश भक्ति का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र पटेल नवांकुर संस्था सेक्टर प्रभारी ने किया। कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष पी एस ठाकुर,सचिव राहुल लोधी,मेंटर्स पार्वती लोधी, सुशील सेन, रवि बोहत के साथ अन्य समितियों के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित रहे।

रिहर्सल
15 अगस्त को गरिमामय एवं आकर्षक समारोह के लिए पुलिस परेड ग्राउंड में हुआ पूर्वाभ्यास

स्वतंत्रता दिवस की फाइनल रिहर्सल में दिखा देशभक्ति का उत्साह

नवभारत, डिंडौरी। जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में 15 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए गुरुवार को फाइनल रिहर्सल आयोजित की गई। रिहर्सल में मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर जे.पी. यादव ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक आशीष खरे जिप्सी में सवार होकर सलामी के साथ मौजूद रहे। पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन प्रस्तुत की गई।

ध्वजारोहण के बाद मुख्य अतिथि एवं पुलिस अधिकारियों ने परेड का निरीक्षण किया। परेड का नेतृत्व परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक निखिल द्विवेदी एवं टूआईसी सूबेदार कुंवर सिंह ओलाडी ने किया। परेड में जिला पुलिस बल, महिला पुलिस बल, विशेष सशस्त्र बल, जिला नगर सेना, एनसीसी सीनियर डिवीजन के बालक-बालिका दल, स्काउट, गाइड, शौर्य दल एवं पुलिस बैंड सहित विभिन्न टुकड़ियों ने हिस्सा लिया।

जवानों ने किया मार्च पास्ट

रिहर्सल के दौरान हर्ष फायरिंग के बाद जवानों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। इसके पश्चात अतिथियों ने विभिन्न परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। परेड में शामिल दलों ने अनुशासन एवं कदमताल के साथ शानदार प्रदर्शन कर स्वतंत्रता दिवस समारोह की भव्यता का पूर्वाभास कराया।

किया गया पूर्वाभ्यास

स्वतंत्रता दिवस समारोह को व्यवस्थित, गरिमामय एवं आकर्षक रूप से संपन्न कराने के लिए फाइनल रिहर्सल के दौरान ध्वजारोहण, परेड, मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित समारोह से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं का पूर्वाभ्यास किया गया। अधिकारियों ने 15 अगस्त को होने वाले जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया।इस अवसर पर एडिशनल एसपी रेखा धर्मेंद्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर भारती मरावी, डिप्टी कलेक्टर वैद्यनाथ वासनिक, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बढ़ाया उत्साह

फाइनल रिहर्सल के दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह एवं उमंग देखने को मिली।